# निवेश मित्र पोर्टल पर बैंकिंग लेन-देन पर नहीं लगेगा चार्ज

**एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ :** यूपी में निवेश के सिंगल विंडो पोर्टल निवेश मित्र पर जल्द बैंकिग लेन-देन पर लगने वाला चार्ज खत्म हो जाएगा। पेमेंट गेट-वे से जुड़ने वाले बैंकों की संख्या भी बढ़कर 11 हो जाएगी। इन्वेस्ट यूपी के CEO अभिषेक प्रकाश की अध्यक्षता में बैंकों के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में इस पर सहमति बन गई है।

निवेश मित्र देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो पोर्टल है। 42 विभागों की 500 से अधिक ऑनलाइन सेवाएं इससे जुड़ी हैं। इन्वेस्ट यूपी इसकी नोडल एजेंसी है। पोर्टल को और सुविधाजनक बनाने के लिए गुरुवार को CEO ने बैठक की। इसमें फैसला लिया गया कि सभी बैंक अब निवेश मित्र पोर्टल बैंकिंग गेट-वे लेन-देन पर कोई शुल्क नहीं लेंगे। अभी केवल ICICI, PNB और HDFC बैंक पेमेंट गेट-वे के रूप में लिस्टेड हैं। अब एक्सिस बैंक, SBI, AU बैंक, इंडियन बैंक, BOB, इंडसइंड बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक भी इसमें जुड़ जाएंगे।